ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में जे०पी० और लोहिया की विचारधारा को शामिल करने हेतु विधिसम्मत कार्रवाई करें– राज्यपाल

- कुलपतियों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

पटना, 09 सितम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने कुलपतियों की बैठक में उनसे विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं डॉ० राम मनोहर लोहिया के विचारधारा को शामिल करने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया तथा सर्वसहमति के उपरान्त इन्हें पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए उचित कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के जनमानस एवं राजनीतिक परिवेश पर इन दोनों महापुरूषों का गहरा प्रभाव है। यहाँ के असंख्य लोगों एवं अनेक राजनेताओं ने जे०पी० आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। अतः बिहार के विश्वविद्यालयों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉ० राम मनोहर लोहिया की विचारधारा संबंधी पढ़ाई अवश्य होनी चाहिए।

बैठक में माननीय शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने राज्य सरकार का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि बिहार की जनभावना का सम्मान करते हुए जे०पी० और लोहिया के विचारों को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार एवं सचिव श्री असंगबा चुबा आओ, राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के वरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....